# राज्य स्तरीय आकलन
# सत्र 2018–19
# कक्षा – छठवीं
# विषय – हिन्दी
# (आदर्श उत्तर)
# (CBSE Pattern)

**प्रश्न 1.** सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए – (2 x 10)

**i.** मुझे <u>दो दर्जन</u> केले चाहिए।
(अ) संख्यावाचक विशेषण (ब) जातिवाचक संज्ञा
(स) सार्वनामिक विशेषण (द) सर्वनाम
**उत्तर – (अ) संख्यावाचक विशेषण** (LOs 607)

**ii.** ''बुनावट'' शब्द में निम्न में से कौन सा प्रत्यय जुड़ा है ?
(अ) ईला (ब) आब (स) आई (द) आवट
**उत्तर – (द) आवट** ( LOs 611)

**iii.** ''परबत'' शब्द का प्रचलित रूप कौन सा है ?
(अ) पहाड़ (ब) पर्वत (स) शिखर (द) गिरि
**उत्तर – (ब) पर्वत** ( LOs 614)

**iv.** ''मोहन ने केला और संतरा खाया।'' यह उदाहरण है.................. का।
(अ) निषेधवाचक वाक्य (ब) विधिवाचक वाक्य
(स) प्रश्नवाचक वाक्य (द) आदेशवाचक वाक्य
**उत्तर – (ब) विधिवाचक** ( LOs 611)

**v.** ''प्रतिभा''शब्द किसका उदाहरण है ?
(अ) संज्ञा (ब) विशेषण (स) सर्वनाम (द) क्रिया
**उत्तर – (अ) संज्ञा** ( LOs 614)

**vi.** कृष्णन फिल्म देखना चाहता है ––––––––– मै मेले में जाना चाहती हूॅ। उपरोक्त वाक्यों के लिए उचित योजक शब्द का चयन कीजिए।
(अ) कि (ब) और (स) अगर (द) तो
**उत्तर – (ब) और** (LOs 611)

**vii.** ''संग्रहालय'' वह स्थान होता है .........................।

(अ) जहां जंगली जानवर रखे जाते हैं। (ब) जहां पक्षी रखे जाते हैं।
(स) जहां पुरानी ऐतिहासिक वस्तुएं रखी जाती हैं। (द) जहां पुस्तके रखी जाती है।
**उत्तर – (स) जहां पुरानी ऐतिहासिक वस्तुएं रखी जाती हैं।** ( LO 614)

**viii.** ''बिदेसिया'' नाम है ................................. का।
(अ) लोक नृत्य (ब) लोक गीत (स) शास्त्रीय संगीत (द) सुगम संगीत
**उत्तर – (ब) लोक गीत** ( LOs 606)

**ix.** तुलसी दास द्वारा रचित पाठ ''वन के मार्ग में''निम्न में से किसका उदाहरण है –

(अ) दोहा (ब) चौपाई (स) सवैया (द) सोरठा
**उत्तर – (स) सवैया** ( LO 611)

**x.** निम्न में से बाँस से बनी वस्तु है–
(अ) सूपा (ब) बाल्टी (स) गिलास (द) कड़ाही

**उत्तर – (अ) सूपा** ( LOs 615)

प्रश्न 2. गांधी जी ने आश्रम में कॉलेज के छात्रों से कौन सा काम करवाया और क्यों ? ( LO 617) (4)

**उत्तर –** एक बार गांधी जी के पास कॉलेज के छात्र आये, जिन्हें अपने अंग्रेजी भाषा के ज्ञान पर बड़ा गर्व था। बातचीत के दौरान उन्होंने गांधी जी से कहा, यदि मैं आपकी कोई सेवा कर सकू तो मुझे अवश्य बताइए। उन्हें आशा थी कि बापू उन्हें पढ़ने–लिखने का काम देंगे किन्तु गांधी जी ने उनके मन की बात ताड़ ली और उन्हें गेहूँ बीनने, का काम दिया और उन्हें एक घण्टे तक गेहूँ बीनना पड़ा।

प्रश्न 3. लोकगीत किसे कहते है ? छत्तीसगढ़ राज्य में प्रचलित लोक गीत कौन–कौन से हैं ? ( LO 614) (4)

**उत्तर** –लोकगीत प्रत्यक्ष रूप से जनता का संगीत होता है। लोकगीत घर, गाँव और नगर में गाये जाने वाले गीत है, जिन्हें त्यौहारों और विशेष अवसरों पर गाया जाता है। छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोकगीत – सुआ, जसगीत, भोजली, बॉसगीत, ददरिया, भरथरी आदि।

प्रश्न 4. पं. जवाहर लाल नेहरू ने 'प्रकृति के अक्षर' किन्हे कहा है ? ( LO 609) (4)

**उत्तर** –प्रकृति में पायी जाने वाली वस्तुएँ जिनसे हमें उनकी कहानी मालूम होती जैसे विभिन्न प्रकार के पत्थर, चट्टाने, गोल चमकीला रोड़ा, कंकड़, बालू का एक जर्रा इत्यादि को पं. नेहरू ने प्रकृति केअक्षर कहा है।

प्रश्न 5. राजप्पा ने नागराजन के टिकट–अलबम को अंगीठी में क्यों डाल दिया ? ( LOs 609) (4)

**उत्तर** –राजप्पाने नागराजन के टिकट – अलबम को अंगीठी में डाल दिया क्योंकि नागराजन का टिकट–अलबम राजप्पा के टिकट–अलबम से अच्छा था और इस कारण उसके टिकट–अलबम को कोई नहीं पूछता था। उसने सोचा यदि नागराजन का टिकट अलबम नष्ट कर दिया जाए तो उनके साथियों में उसका अलबम लोकप्रिय हो जायेगा।

प्रश्न 6. कंट्रोल रूम में जाकर छोटू ने क्या देखा और वहां उसने क्या हरकत की ? ( LOs 613) (4)

कंट्रोल रूम में छोटू ने एक कॉन्सोल देखा जिस पर कई बटन थे। अंतरिक्ष यान से एक यांत्रिक हाथ बाहर निकलकर लगातार बढ़ता ही जा रहा था शायद यह हाथ जमीन तक पहुँच कर मिट्टी उकेर लेना चहता था। किन्तु छोटू का सारा ध्यान कॉन्सोल पैनल पर था और उसने उसे दबा दिया।

प्रश्न 7.बाँस की बुनाई मानव के इतिहास में कब प्रारंभ हुई ? ( LOs 615) (4)

**उत्तर** –बाँस की बुनाई मानव के इतिहास में भोजन इकट्ठा करने के लिए जुड़ी हुई है। भोजन इकट्ठा करने के लिए उसने बाँस के द्वारा डलियानुमा चीज़े बनाई होंगी। मानव ने जब हाथ से कलात्मक चीज़े बनानी शुरू की, तभी से बाँस की चीज़े बन रही है।

प्रश्न 8.नीचे लिखे प्राकृतिक संसाधनों से दैनिक उपयोग की कौन सी वस्तुएं बनाई जाती है ? ( LOs 615) (6)

i. चमड़ा– **बैग, जूते**
ii. बांस– **टोकरी, सूपा, कलात्मक सजावटी वस्तुएँ**
iii. घास के तिनके–**झाड़ू, सजावटी वस्तुएँ**
iv. पेड़ की छाल– **औषधि, रस्सी**
v. गोबर– **घर की लिपाई, खाद, कंडा**
vi. मिट्टी– **कच्चे घर, खिलौने, मूर्तियॉ**

प्रश्न 9.निम्न लोकगीतो के बारे में संक्षेप में लिखें – ( LO 617) (6)

उत्तर –

i. फाग – फागुन माह में गाया जाने वाला लोकगीत है। होली पर्व पर भारत के उत्तर प्रदेश, बिहार एवं छत्तीसगढ़ राज्यों में फाग गीत गाये जाते हैं।
ii. आल्हा–बुंदेलखंड में गया जाने वाला लोकगीत है। इसका आरंभ चंदेल राजाओं के राजकवि जगनिक से माना जाता है, जिन्होंने आल्हा ऊदल की वीरता का बखान अपने महाकाव्य में किया।
iii. गरबा–गुजरात राज्य में गाया जाने वाला दलीय गीत है। जिसे विशेष विधि से घेरे में घूम–घूमकर औरतें गाती है। यह नवरात्रि पर्व के अवसर पर गाया जाता है।

प्रश्न 10.आपकी कोईप्रिय चीज शाला में खो गई है। इसके संबंध में शाला के सूचना पटल पर लगाने के लिए सूचना तैयार करें, जिसमें निम्न बिन्दु शामिल हों : (LOs 619) (6)

(अ) खोई हुई चीज का नाम (ब) कहाँ खोई
(स) मिल जाने पर कहां लौटाई जाए (द) सूचना लगाने वाले का नाम व कक्षा

उत्तर –

| सूचना |
|---|
| मेरी प्रिय घड़ी प्रार्थना के समय हाथ से खुलकर शाला प्रांगण में कहीं गिर गयी है। जिस किसी को भी यह मिले कृपया उसे कार्यालय में लौटाने का कष्ट करें। |
| नाम– ......................................... |
| कक्षा– ...................................... |

प्रश्न 11.तुम्हारी माँ तुम्हारे लिए क्या–क्या काम करती है ? इनमें से कौन सा काम तुम्हे सबसे अच्छा लगता है और क्यों ? ( LOs 607) (6)

उत्तर – हमारी माँ हमें सुबह उठाती है, ब्रश कराती है, नहलाती है, कपड़े पहनाती है, कंघी करती है, भोजन बनाती है, पढ़ाती है एवं हमें ढेर सारा प्यार करती है। मुझे माँ द्वारा भोजन तैयार करने का काम बहुत अच्छा लगता है क्योंकि मेरी माँ मेरे पसंद के पकवान बनाती है।

प्रश्न 12.निम्न मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करो। ( LOs 620) (6)

उत्तर –(क) हाथों–हाथ लेना =सहर्ष स्वीकार करना।
वाक्य –बारात के पहुँचते ही लड़की वालो ने बारातियों को हाथों–हाथों लिया।

उत्तर –(ख) हाथ साफ करना = चोरी करना।
वाक्य – सराफा दुकान में आयी महिला ने कीमती हार पर हाथ साफ कर दिया।

उत्तर –(ग) हाथ पैर फूलना = भयभीत होना।
वाक्य – पुलिस को आते देखकर चोर के हाथ–पैर फूल गये।

प्रश्न 13.(अ) लक्ष्मण ने सूर्पणखा के नाक, कान काट दिए थे। क्या ऐसा करना उचित था ? कारण सहित उत्तर लिखें। (LOs 609) (4)

उत्तर – लक्ष्मण ने सूर्पणखा के नाक–कान काट दिये ऐसा करना पूर्णतः उचित था क्योंकि सूर्पणखा ने सीता माता को हानि पहुँचाने की कोशिश की और सीता की सुरक्षा का दायित्व लक्ष्मण पर था। इसे देखकर लक्ष्मण क्रोध में आ गये और उन्होंने सूर्पणखा के नाक–कान काट दिए।

(ब) सीता राक्षसों के वध के पक्ष में नहीं थी, जबकि राम राक्षसों के विनाश को ठीक समझते थे। आप राम या सीता में से किससे सहमत हैं ? कारण सहित उत्तर लिखें। (609) (4)

उत्तर – सीता राक्षसों के संहार के पक्ष में नहीं थी वो चाहती थी कि श्री राम अकारण ही राक्षसों को न मारे जिन्होंने उनका कोई अहित नहीं किया है।श्री राम राक्षसों के विनाश को उचित ठहराते हुए माता सीता को समझाते है कि ये राक्षस मायावी है और मुनियों को कष्ट पहुँचाते हैं। मैने इन मुनियों की रक्षा की प्रतिज्ञा ली है। अतः इनका वघ करना ही उचित होगा।

अथवा

बाल राम कथा को अपने शब्दों में संक्षेप में लिखें। ( LOs 609) (8)

**उत्तर** – बाल रामकथा को छात्र अपने शब्दों में स्वयं लिखें

प्रश्न **14**. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए– ( LOs 617) **(8)**

संत कबीर ने ठीक ही कहा था ''काल करे सो आज कर, आज करे सो अब'' क्योंकि समय किसी की प्रतीक्षा नहीं करता। जो व्यक्ति आज का काम आज न करके बाद के लिए टाल देता है, वह बाद में पछताता ही रह जाता है। बुद्धिमान व्यक्ति समय का मूल्य जानते हैं। वे अपने सभी कार्य समय पर करते हैं और सफलता की सीढ़ियां चढ़ते जाते है। आलसी और मूर्ख व्यक्ति कल की प्रतीक्षा करते रहते हैं, पर उनका कल कभी नहीं आता। समय मुट्ठी में बंद रेत की तरह होता है, जिसे जितना पकड़ो उतना ही हाथ से फिसल जाता है। समय की परवाह न करने वाले विद्यार्थी भी बाद में पछताते हैं। अतः समय का सदुपयोग करना चाहिए।

i. समय किसकी प्रतीक्षा करता है ? (1)
(अ) व्यक्ति की (ब) अवसर की (स) छात्रों की (द) किसी की नहीं
**उत्तर** –(द) किसी की नहीं

ii. कल की प्रतीक्षा कौन करते हैं ? (1)
(अ) आलसी (ब) मूर्ख (स) उपरोक्त दोनों (द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर**– (स) उपरोक्त दोनों

iii. मूर्ख शब्द का विलोम लिखे – (1)
(अ) साहसी (ब) बलवान (स) बुद्धिमान (द) आलसी
**उत्तर** –(स) बुद्धिमान

iv. समय की परवाह न करने वाले बाद में .............. (1)
(अ) खुश रहते है (ब) पछताते है (स) प्रतीक्षा करते है (द) सीढ़ियॉ चढ़ते है
**उत्तर** –(ब) पछताते है

v. समय की तुलना मुट्ठी में बंद रेत से क्यों की गई है ? (2)
**उत्तर** – क्योंकि समय को जितना पकड़ों उतना ही फिसलता जाता है।

vi. समय पर काम करना क्यों जरूरी है ? (2)
**उत्तर** –समय पर काम न करने वाले बाद में पछताते हैं। इसलिए समय पर काम करना जरूरी है।

प्रश्न **15**.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80–100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (LOs 603) (10)

i. किसी वीरांगना या वीर पुरूष की चरित्र गाथा
ii. पर्यावरण प्रदूषण
iii. राष्ट्रीय पर्व

**उत्तर** –छात्र किसी एक विषय पर स्वयं अनुच्छेद लेखन करें।